### खबर संक्षेप

#### 11 फरवरी को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

शहडोल। डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियो की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में 11 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे से किया आयोजित की जाएगी। बैठक में शासकीय भूमि के अतिक्रमण पर कार्यवाही, भूमि आंवटन, भू-अर्जन, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली जैसे अन्य बिंदुओ पर समीक्षा की जाएगी।

#### पोषण पखवाडा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल

शहडोल। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अखिलेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि शहडोल जिले में 8 वां पोषण पखवाड़ा" 09 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य मातृ एवं शिशु पोषण, गर्भवती महिलाओं की देखभाल, प्रसव पूर्व जांच और गर्भावस्था एवं धात्री काल में उचित आहार, सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना,जन्म से 03 वर्ष के बच्चों के मस्तिष्क विकास हेतु प्रारंभिक प्रोत्साहन (0-3 वर्ष) माताओं एवं शिशुओं के साथ संवाद, खेल और प्रतिक्रिया के माध्यम से मस्तिष्क के विकास को बढ़ावा देना, 3 से 6 वर्ष की प्रारंभिक आयु हेतु खेल आधारित शिक्षा- आंगनवाड़ियों में औपचारिक शिक्षा से पूर्व खेल-कूद और गतिविधियों के माध्यम से सिखाना, स्क्रीन टाईम में कमी लाने हेतु परिवार एवं समुदाय की भूमिका बच्चों को मोबाईल और टीवी से दूर रखने हेतु माता- पिता और समुदाय को जागरुक करना, सशक्त आंगनवाडी निर्माण में समुदाय का सहयोग, पंखुड़ी पोर्टल के माध्यम से सामुदायिक समर्थन और सीएसआर सहयोग जुटाना।

#### नरवाई जलाने पर होगी जुर्माने की कार्यवाही



शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार कृषि अभियांत्रिकी एवं कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को नरवाई न जलाने एवं नरवाई से भूसा बनाने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। सहायक कृषि यंत्री शहडोल रीतेश कुमार पयासी ने ग्राम झगहरा, अमरहा, निपनिया, सिगुड़ी, दुलहरा में कृषकों नवाई प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में निजी कस्टम हायरिंग योजना एवं मुख्यमंत्री नरवाई प्रबंधन योजना के हितग्राहियों द्वारा कुल 25 स्ट्रॉ रीपर मशीन से भूसा बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है, नरवाई की घटनाओं के निगरानी एवं कार्यवाही हेतु जिले, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर कमेटी का गठन किया गया है, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमानुसार नरवाई जलाने पर न्यूनतम 2500 से अधिकतम 15000 रुपए तक का जुर्माना का प्रावधान है। इस अवसर पर स्ट्रॉ रीपर मशीन के उपयोगकर्ताओ ने अपना अनुभव भी साझा किया।

#### दिव्यांगो एवं वरिष्ठजनों को वितरित किये गए सहायक उपकरण



शहडोल। जनपद पंचायत बुढ़ार एवं गोहपारू के अंतर्गत सामाजिक न्याय विभाग द्वारा लगाए गए सामाजिक अधिकारिता शिविर में एडिप योजना एवं आर.व्ही.वाई. योजना के तहत चिन्हांकित किये गए दिव्यांगजनो एवं वरिष्ठजनो को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किये गए। जनपद पंचायत बुढ़ार में आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में विधायक जयसिंह मरावी द्वारा एडिप योजना एवं आर.व्ही.वाई. योजनांतर्गत 17 वरिष्ठजन एवं 17 दिव्यांगजनो को कुल 70 सहायक उपकरण दिये जनपद पंचायत गोहपारू में आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में 19 वरिष्ठजन एवं 11 दिव्यांगजनो को कुल 56 सहायक उपकरण जिससे बैसाखी, ट्राई साइकिल आदि सहायक उपकरण शामिल थे।

#### शादी का झांसा देकर युवती को किया गर्भवती

शहडोल। एक युवती की अस्मत से खिलवाड़ करने वाले दरिंदे को जयसिंहनगर पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। आरोपी ने न केवल पीड़िता का शारीरिक शोषण किया, बल्कि उसे डरा-धमकाकर खामोश रहने पर मजबूर किया, जिससे पीड़िता आज 8 माह की गर्भवती है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से इलाके के मनचलों और अपराधियों में हडकंप मच गया है। शादी का झांसा और ब्लैकमेलिंग का खेल मामला ग्राम नौगई का है।

### विकास की वेदी पर चढ़ी एक और मजदूर की बलि

# प्रबंधन की कातिलाना लापरवाही ने छीना सुहाग

## मजदूर का खून या कोयले की कालिख सुरक्षा के नाम पर करोड़ों डकारने वाले अफसरों की नाक के नीचे संस्थागत हत्या






शहडोल।

कोयलांचल की धरती एक बार फिर एक निर्दोष मजदूर के खून से लाल हो गई है। सोहागपुर क्षेत्र की बंगवार भूमिगत खदान में बुधवार को जो हुआ, उसे कोई भी विवेकशील व्यक्ति हादसा कहने की भूल नहीं करेगा। यह सीधे तौर पर एसईसीएल प्रबंधन और बेलगाम ठेकेदारों की नापाक जुगलबंदी से की गई एक संस्थागत हत्या है। 43 वर्षीय ठेका मजदूर मोहे लाल सिंह की मौत ने प्रबंधन के उन खोखले दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं, जो हर साल सुरक्षा सप्ताह के नाम पर करोड़ों रुपये स्वाहा करके किए जाते हैं।

### न सुरक्षा, न परवाह, बस काम का दबाव

चचाई निवासी मोहे लाल सिंह को जब खान प्रबंधक कार्यालय के ठीक सामने बिजली के पोल पर चढने का फरमान सुनाया गया, तब क्या किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की रूह नहीं कांपी? जानकारी के अनुसार, ऊंचाई पर काम करने के लिए अनिवार्य सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट और लाइफ-लाइन जैसे मूलभूत उपकरणों का नामोनिशान तक नहीं था। बिना किसी पुख्ता सुरक्षा कवच के, एक मजदूर को मौत के मुंह में धकेल दिया गया। जैसे ही मोहे लाल का संतुलन बिगड़ा, वे सीधे काल के गाल में समा गए। उनके सिर और शरीर की हड्डियां इस बात की गवाही दे रही थीं कि एसईसीएल के लिए एक मजदूर की जान की कीमत कोयले के एक तुच्छ टुकड़े से भी कम है।

### प्रबंधक की नाक के नीचे खूनी खेल

सबसे शर्मनाक बात यह है कि यह पूरा तमाशा खान प्रबंधक कार्यालय के बिल्कुल सामने हो रहा था। क्या वहां मौजूद सुरक्षा अधिकारी अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर किसी बड़े कमीशन का इंतजार कर रहे थे? नियम कहते हैं कि बिना पीपीई किट के कोई भी मजदूर ऊंचाई पर काम नहीं कर सकता, तो फिर मोहे लाल को पोल पर चढने की अनुमति किसने दी? यह लापरवाही नहीं, बल्कि अपराधियों जैसा दुस्साहस है।

### अस्पतालों के नाम पर सफेद हाथी

हादसे के बाद एसईसीएल प्रबंधन ने पल्ला झाडना शुरू कर दिया, जो वह हमेशा से करता आया है। लहूलुहान मोहे लाल को पहले बुढ़ार के क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां सुविधाओं के अभाव और प्रशासनिक टालमटोल ने कीमती समय बर्बाद कर दिया। जब स्थिति हाथ से निकल गई, तो उन्हें शहडोल के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों का यह आरोप बिल्कुल जायज है कि यदि एसईसीएल के पास अरबों का टर्नओवर होने के बाद भी एक ढंग का लाइफ-सपोर्ट सिस्टम वाला अस्पताल होता, तो शायद मोहे लाल आज अपने बच्चों के बीच होते, लेकिन प्रबंधन को तो बस कागजी खानापूर्ति और रेफर की राजनीति से मतलब है।

### ठेकेदारों की तानाशाही और अधिकारियों की सांठगांठ

सोहागपुर क्षेत्र में इन दिनों ठेकेदारों का जंगलराज चल रहा है। अधिक मुनाफा कमाने की हवस में ये ठेकेदार मजदूरों को बलि का बकरा बना रहे हैं। बिना किसी ट्रेनिंग और सुरक्षा किट के मजदूरों को मौत के कुएं में झोंक देना यहां की परंपरा बन चुकी है और इन सबके पीछे सोहागपुर क्षेत्र के उन भ्रष्ट अधिकारियों का हाथ है, जिनकी खामोशी ठेकेदारों के कमीशन से खरीदी गई है। क्या इन अधिकारियों के बच्चों के हाथ मोहे लाल के खून से नहीं रंगे हैं?

### मातम में डूबा डोंगरा टोला

आज मृतक के घर डोंगरा टोला में मातम और चीख-पुकार के सिवाय कुछ नहीं बचा है। एक हंसता-खेलता परिवार उजड़ गया है। स्थानीय ग्रामीणों और साथी मजदूरों में जबरदस्त उबाल है। कोयलांचल का हर मजदूर आज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। दोषी ठेकेदार का लाइसेंस तत्काल रद्द किया जाए और उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए। संबंधित खान प्रबंधक और सुरक्षा अधिकारियों पर धारा 304 (गैर-इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज हो। मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और स्थायी नौकरी दी जाए। जब तक इन सफेदपोश हत्यारों को सलाखों के पीछे नहीं भेजा जाता, तब तक यह आंदोलन थमेगा नहीं। एसईसीएल प्रबंधन कान खोलकर सुन ले, कोयला निकालने के लिए अब और मजदूरों के खून की जरूरत नहीं है। अगर सिस्टम नहीं जागा, तो कोयलांचल की ये चिंगारी एक बड़े जन-आंदोलन का रूप ले लेगी।

#### इनका कहना है...

इस घटना की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।
**खेम सिंह पेंद्रो**
**थाना प्रभारी, धनपुरी**

## पानी की हर बूंद को संरक्षित करने की पहल जल गंगा संवर्धन अभियान

### शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर, जिले में 267 खेत तालाब पूर्ण



शहडोल।

जल की हर बूंद का संरक्षण मध्यप्रदेश सरकार का प्रण। जल की हर बूंद की अहमियत समझते हुए मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये गए कार्यों में सकारात्मक एवं प्रभावशाली परिणाम परिलक्षित हो रहें। जल के संरक्षण, संवर्धन एवं जल के प्रति जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उददेश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति के निर्देशानुसार शहडोल जिले के समस्त ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायो में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा के जल के संचयन हेतु पुराने तालाबो की साफ-सफाई, जल स्त्रोतो के जीर्णोद्वार के कार्य, शोक पिट निर्माण, वाटर हार्वेस्टिग के कार्य जैसे अन्य कार्य किये जा रहे है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनमानस को प्रकृति की अमूल्य उपहार जल के प्रति जागरूक करने एवं जल की एक-एक बूंद को बचाने हेतु दीवार लेखन, जल जागरूकता रैली, कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। जल ही जीवन है यह केवल एक वाक्य नही, बल्कि हमारी पृथ्वी का आधार है। हर बूंद हमारे अस्तित्व से जुड़ी है।

शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन-प्रतिनिधियो, अधिकारियो, समाजसेवियो, स्वयंसेवी संगठनो के सदस्यो एवं जन सहयोग से 267 खेत तालाब के कार्य, डगवेल रिचार्ज के 49 कार्यो को पूर्ण किया गया। जनपद पंचायत बुढार में 6,जनपद पंचायत गोहपारू में 121, जनपद पंचायत जयसिंहनगर में 138, जनपद पंचायत सोहागपुर में 2 खेत तालाब पूर्ण हुए। इसी प्रकार जनपद पंचायत गोहपारू में 44, जनपद पंचायत जयसिंहनगर में 5 डगवेल रिचार्ज कार्यो को पूर्ण किया गया।

## आधी रात मेडिकल कॉलेज पहुंचीं सांसद



शहडोल।

संभाग के अनूपपुर जिले के कोतमा में अग्रवाल लॉज की तीन मंजिला इमारत क्या गिरी, उसने सिस्टम के भ्रष्टाचार और सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाकर रख दीं। तीन मजदूरों की संस्थागत हत्या और कई परिवारों की खुशियां मलबे में दफन होने के बाद अब सियासत और हमदर्दी का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में मंगलवार की आधी रात शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह सीधे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचीं, जहां उन्होंने मौत के मुंह से बाहर आए घायलों का हाल जाना। शनिवार की शाम जब पूरा कोतमा अपने कामों में व्यस्त था, तब अग्रवाल लॉज की जर्जर हो चुकी तीन मंजिला इमारत मौत बनकर मजदूरों पर टूट पड़ी। सवाल यह है कि इस जर्जर निर्माण पर प्रशासन की नजर क्यों नहीं पड़ी? तीन मजदूरों की बलि लेने के बाद क्या केवल जांच का झुनझुना थमाना काफी है? करीब 24 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मलबे से निकाले गए रामकिशोर और जयप्रकाश फिलहाल शहडोल मेडिकल कॉलेज में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। हादसे के बाद उपजे जनाक्रोश और घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सांसद हिमाद्री सिंह ने मंगलवार देर रात अस्पताल का औचक रुख किया। उन्होंने वार्ड में भर्ती रामकिशोर और जयप्रकाश से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। सांसद ने डॉक्टरों से दो-टूक लहजे में कहा कि इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रभारी अधीक्षक डॉ. विक्रांत कबीरपंथी से घायलों की पल-पल की मेडिकल रिपोर्ट ली। अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण करते हुए सांसद ने अन्य मरीजों से भी संवाद किया, जहां अव्यवस्थाओं की शिकायतें भी सामने आईं। हालांकि, डॉक्टर यह दावा कर रहे हैं कि दोनों घायल अब खतरे से बाहर हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि उन रसूखदारों पर कब गाज गिरेगी जिनकी लापरवाही ने गरीब मजदूरों को मौत के कुएं में धकेल दिया? सांसद ने सहायता का भरोसा तो दिया है, लेकिन जनता अब मुआवजे और दोषियों की गिरफ्तारी वाले ठोस एक्शन का इंतजार कर रही है। अग्रवाल लॉज की जर्जर बिल्डिंग का फिटनेस सर्टिफिकेट किसने जारी किया था, क्या तीन मौतों के बाद भी नगर पालिका और प्रशासन के जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद सोते रहेंगे, घायलों को केवल बेहतर इलाज का आश्वासन मिलेगा या उनके भविष्य के लिए ठोस आर्थिक सुरक्षा भी दी जाएगी। अस्पताल के सफेद गलियारों में आधी रात को सांत्वना देने पहुंचना अच्छी बात है, लेकिन अगर यही तत्परता जर्जर इमारतों को ढहाने में दिखाई जाती, तो आज तीन परिवारों के चिराग न बुझते।

### ब्यौहारी में भीषण अग्निकांडः धू-धू कर जला किराना गोदाम, 30 लाख की संपत्ति राख

शहडोल। जिले के ब्यौहारी शहर के वार्ड नंबर 9 न्यू बरौधा में बीती रात शॉर्ट सर्किट ने एक व्यापारी की बरसों की मेहनत को चंद घंटों में खाक कर दिया। थोक किराना व्यापारी राजेश गुप्ता के गोदाम में लगी भीषण आग ने ऐसा तांडव मचाया कि देखते ही देखते लाखों का माल मलबे के ढेर में तब्दील हो गया।

**धुएं के गुबार ने थामी सांसें-** घटना उस वक्त की है जब पूरा परिवार घर पर था और गोदाम बंद था। अचानक शटर के भीतर से उठती आग की लपटों और काले धुएं ने मोहल्ले में हडक़ंप मचा दिया। जब तक व्यापारी मौके पर पहुंचे, आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम को आग बुझाने में पसीने छूट गए।



**8 घंटे का महासंग्राम, 6 टैंकर पानी-** आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दमकल कर्मियों को इसे काबू करने में 8 घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। 6 से ज्यादा बार रिफिल होकर आए दमकल वाहनों ने तब कहीं जाकर आग पर नियंत्रण पाया। व्यापारी के अनुसार, गोदाम में रखा लगभग 30 लाख रुपये का स्टॉक पूरी तरह जलकर कोयला हो गया है।

**पुलिस की जांच शुरू-** ब्यौहारी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आगजनी का प्रकरण दर्ज किया है। प्राथमिक जांच में कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, लेकिन इतनी भारी क्षति ने सुरक्षा मानकों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवाचार, नर्सरी में 4000 पौधों की तैयारी शुरू

शहडोल।



जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को बढ़ावा देने हेतु संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड ब्यौहारी में सराहनीय पहल की गई है। नवांकुर संस्था एवं जगदम्बा जन विकास समिति भमरहा प्रथम द्वारा नर्सरी में बड़े स्तर पर पौध तैयार करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। अभियान के तहत नर्सरी में मुनगा, अमरूद, सीताफल एवं आंवला के लगभग 1000-1000 पौध तैयार करने के उद्देश्य से बीजारोपण किया गया है। कुल मिलाकर लगभग 4000 पौधों की तैयारी की जा रही है, जो आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। संस्थाओं द्वारा बताया गया कि पौध तैयार होने के बाद इन्हें प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर रोपित कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ेगा और जल संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

## बेटे ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र से रूह कंपा देने वाली एक ऐसी साजिश सामने आई है, जिसने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली और इलाके में सक्रिय भू-माफियाओं के दुस्साहस पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक असहाय वृद्ध, जो न केवल लकवाग्रस्त था बल्कि ठीक से चल भी नहीं सकता था, उसे और उसकी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया गया। अब मृतक के बेटे ने सीधे पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पास पहुंचकर इस दोहरे हत्याकांड का कच्चा चिटठा खोला है। फरियादी मेहीलाल पाव द्वारा सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार, उसके पिता राममिलन पाव और सौतेली माता फूलबाई पाव की मौत कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि एक सोची-समझी हत्या है। आरोप है कि ग्राम अमझोर निवासी रामसजीवन कंवर और उसके पुत्र रुद्र प्रताप सिंह कंवर की नजर राममिलन की बेशकीमती पुश्तैनी जमीन पर थी। जालसाजी और बहला-फुसलाकर इन रसूखदारों ने जमीन तो अपने नाम करवा ली, लेकिन लालच की आग शांत नहीं हुई।हैरानी की बात यह है कि मृतक राममिलन पाव लकवाग्रस्त थे। वे चलने-फिरने के लिए दूसरों के मोहताज थे। मेहीलाल का आरोप है कि आरोपियों ने इसी लाचारी का फायदा उठाया। जमीन को लेकर विवाद इतना गहरा था कि आए दिन आरोपियों द्वारा वृद्ध दंपत्ति को धमकाया जाता था। गवाहों बिहारी पाव, श्यामलाल और जनिया पाव की मानें तो आरोपियों और मृतक के बीच अक्सर तीखी झड़पें होती थीं, जिससे साफ था कि वृद्ध दंपत्ति की जान को खतरा है।पत्र में खुलासा हुआ है कि मृतक राममिलन पाव अपनी जान बचाने के लिए जीवित रहते हुए दर-दर भटके थे। उन्होंने 17 जुलाई 2021 को तहसीलदार और 1 जनवरी 2022 को कलेक्टर तक को लिखित गुहार लगाई थी। सवाल यह उठता है कि जब एक



दिव्यांग वृद्ध बार-बार अपनी जान का खतरा बता रहा था, तो प्रशासन ने समय रहते ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की? क्या प्रशासन की इसी ढिलाई ने अपराधियों के हौसले बुलंद किए?मेहीलाल ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि यह पूरी घटना एक सुनियोजित षड्यंत्र है ताकि जमीन का विवाद हमेशा के लिए खत्म हो जाए। फरियादी ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि भोले पाव और प्रभु पाव जैसे मुख्य गवाहों से कड़ी पूछताछ की जाए, तो इस खूनी खेल के पीछे के सफेदपोश चेहरे बेनकाब हो जाएंगे। अब देखना यह है कि क्या शहडोल पुलिस इन रसूखदार पर शिकंजा कसती है या एक गरीब और बेबस बेटे की चीख फाइलों में दबकर रह जाएगी।

#### जिला प्रशासन एवं जन सहयोग से वितरित किया गया पोषण किट

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार शहडोल जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास, पंचायत विभाग, आजीविका मिशन एवं जन सहयोग से आगामी तीन माह तक चिन्हित कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चो को पोषण किट का वितरण किया जाएगा। इसी अनुक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रभा मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति ने जिला पंचायत के सभागार में जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत चिन्हित कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चो को पोषण किट का वितरण किया। पोषण किट में भुना चना, गुड़, मूंगफली, ड्राई फ्रूट, मोरिंगा पाउडर आदि पोष्टिक सामग्रियो को सम्मिलित किया गया है।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

खबर संक्षेप

## प्रगणक एवं सुपरवाईजर का प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक

उमरिया। कलेक्टर एवं प्रमुख जन गणना अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य) हेतु जिले में नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाईजर के प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग बांधवगढ, मानपुर एवं पाली को अपने अनुविभाग क्षेत्रांतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण का सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया हैं । उन्होने कहा है कि नियुक्त सहायक नोडल अधिकारी, प्रगणक एवं सुपरवाईजर के सम्पूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी होंगें । यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है ।

## मेरी बेटियां मेरा अभिमान



अमरकंटक। कल्याणिका केन्द्रीय शिक्षा निकेतन अमरकंटक में कक्षा नर्सरी से 9 वीं एवं 11 वीं तक के वार्षिक परीक्षा परिणाम गरिमामय वातावरण में घोषित किए गए। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विद्यालय परिसर में हर्ष एवं गर्व का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के हंसवाहिनी ऑडिटोरियम में किया गया। कक्षा 9 मे अध्ययनरत स्तुति द्विवेदी व कक्षा 3 मे अध्ययनरत देवांशी द्विवेदी ने अपने कक्षा में पहला स्थान लाकर अमरकंटक सहित स्कूल व अपने परिजनो का नाम रोशन किया है। पिता देवेन्द्र कूमार द्विवेदी व माता रजनी द्विवेदी ने एक साथ एक स्वर में कहा की हमारी बेटियां हमारा अभिमान है।

## जर्जर कालरी आवास दे रहे हादसे को आमंत्रण



कोतमा। एसईसीएल जमुना कोतमा उपक्षेत्र के अंतर्गत गोविंदा कॉलोनी में स्थित लगभग 30 वर्ष पुराने डबल स्टोरी कालरी आवास अब पूरी तरह जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। इन भवनों की हालत इतनी खराब हो गई है कि वे किसी भी समय धराशाही होकर बड़ी जनहानि का कारण बन सकते हैं। बावजूद इसके, इन आवासों में आज भी हजारों लोग अपने परिवार के साथ रहने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इन पुराने भवनों की दीवारों में गहरी दरारें आ चुकी हैं, छतें कमजोर हो गई हैं और कई जगहों पर प्लास्टर गिर रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, जिससे हर पल हादसे का डर बना रहता है। लोगों का कहना है कि यह स्थिति किसी बड़ी अनहोनी को खुला निमंत्रण दे रही है। क्षेत्रवासियों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इन जर्जर आवासों को हटाने या मरम्मत की पहल नहीं की गई, तो कोतमा के अग्रवाल लॉज जैसी दुखद घटना की पुनरावृत्ति से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। स्थानीय निवासियों ने एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक से मांग किया है कि तत्काल इन खतरनाक भवनों को चिन्हित कर उन्हें धराशायी करने की प्रक्रिया शुरू करें। साथ ही, यहां रहने वाले परिवारों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक आवास की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी परिवार बेघर न हो। इस गंभीर मामले को लेकर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम एवं कोतमा नगर पालिका अध्यक्ष से भी हस्तक्षेप की मांग की गई है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते उचित निर्णय लिया जाए, तो एक संभावित बड़ी दुर्घटना को टाला जा सकता है और सैकड़ों परिवारों की जान सुरक्षित रखी जा सकती है।

## आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन

उमरिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा ने बताया कि 9 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में न्यायिक प्रकरण आपराधिक,सिविल, श्रम,मोटरयान दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय के लंबित, प्रिलिटिगेशन के समझौता योग्य प्रिलिटिगेशन के रूप में सभी बैंको के प्रकरण,नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण भी किया जावेगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया ने अधिवक्ताओं एवं जनमानस से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा आपसी सुलह समझौता के माध्यम से 9 मई 2026 को निपटारा कराएं एवं नेशनल लोक अदालत का फायदा उठाएं।

### जयकांत मिश्र सदस्य पद के लिए मजबूत दावेदार

# हाईकोर्ट में नामांकन के साथ शक्ति प्रदर्शन








**मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव 2026 के तहत आज जबलपुर हाईकोर्ट में सदस्य पद के लिए जयकांत मिश्र ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान अनूपपुर, उमरिया, डिंडोरी सहित कई जिलों से बड़ी संख्या में अधिवक्ता पहुंचे। चारपहिया वाहनों के काफिले और समर्थकों की मौजूदगी ने चुनावी माहौल को पूरी तरह सक्रिय और प्रतिस्पर्धी बना दिया।**

शहडोल।

मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के वर्ष 2026 के चुनाव को लेकर प्रदेशभर में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जबलपुर हाईकोर्ट परिसर में उस समय विशेष हलचल देखने को मिली, जब अधिवक्ता संघ बुढार के अध्यक्ष जयकांत मिश्र ने सदस्य पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक अधिवक्ता मौजूद रहे, जिसने इसे एक तरह के शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया।

सुबह से ही जबलपुर हाईकोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। जयकांत मिश्र अपने समर्थकों के साथ संगठित तरीके से पहुंचे। उनके साथ लावलश्कर सहित कई वरिष्ठ और युवा अधिवक्ता भी मौजूद रहे। समर्थक चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ हाईकोर्ट पहुंचे, जिससे परिसर के आस-पास चुनावी माहौल स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा।

इस दौरान अनूपपुर, उमरिया, डिंडोरी और आस-पास के अन्य जिलों से भी अधिवक्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। विभिन्न जिलों से आए अधिवक्ताओं ने जयकांत मिश्र के समर्थन में अपनी एकजुटता दिखाई। समर्थकों का कहना था कि जयकांत मिश्र लंबे समय से अधिवक्ताओं के हितों के लिए सक्रिय रहे हैं और उनकी समस्याओं को समझते हैं, इसलिए वे इस चुनाव में एक मजबूत विकल्प के रूप में सामने आए हैं।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में कुल 25 सदस्य पदों के लिए चुनाव कराया जा रहा है। यह चुनाव पूरे प्रदेश स्तर पर होता है, जिसमें जबलपुर मुख्य पीठ के साथ-साथ इंदौर और ग्वालियर खंडपीठों सहित सभी जिलों के अधिवक्ता भाग लेते हैं। इस चुनाव में प्रदेशभर के हजारों अधिवक्ता मतदाता के रूप में हिस्सा लेते हैं। अनुमान है कि इस बार भी लगभग 40 हजार से अधिक अधिवक्ता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे, जिससे चुनाव काफी अहम और प्रतिस्पर्धात्मक माना जा रहा है।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान जयकांत मिश्र ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि अधिवक्ताओं की वास्तविक समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं, सुरक्षा, प्रशिक्षण और कार्य के लिए अनुकूल वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि परिषद में सक्रिय और जवाबदेह प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है, ताकि अधिवक्ताओं की आवाज प्रभावी रूप से उठाई जा सके।

जयकांत मिश्र ने आगे कहा कि वे वर्षों से अधिवक्ता समाज के बीच सक्रिय रहे हैं और जमीनी स्तर पर काम किया है। उनके अनुसार, कई ऐसे मुद्दे हैं जो लंबे समय से लंबित हैं, जिनका समाधान जरूरी है। उन्होंने भरोसा जताया कि उन्हें प्रदेशभर के अधिवक्ताओं का व्यापक समर्थन मिलेगा और वे चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

नामांकन के दौरान दिखी भीड़ और समर्थकों की सक्रियता को देखते हुए यह स्पष्ट है कि इस बार का चुनाव काफी रोचक और प्रतिस्पर्धी होने वाला है। अधिवक्ताओं के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा तेज है और उम्मीदवार भी अपने-अपने स्तर पर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं।

इस बीच जयकांत मिश्र ने सभी अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे आगामी 12 मई 2026 को होने वाले मतदान में बढ़-चढक़र हिस्सा लें और अपने प्रथम वरीयता मत से उन्हें समर्थन दें। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें अवसर मिलता है, तो वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अधिवक्ता समाज की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी ताकत के बल पर परिषद में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।





उन्होंने सभी से सहयोग और आशीर्वाद की अपेक्षा जताई। कुल मिलाकर, जबलपुर हाईकोर्ट में आज हुए इस नामांकन ने चुनावी माहौल को पूरी तरह गरमा दिया है और आने वाले दिनों में चुनावी गतिविधियों में और तेजी आने की संभावना है। जयकांत मिश्र का यह शक्ति प्रदर्शन उन्हें इस चुनाव में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करता है।



## अवैध मुरूम उत्खनन पर कार्रवाईः तहसीलदार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली किया जब्त

उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसीलदार बांधवगढ़ दिलीप सोनी ने ग्राम भरौली के भ्रमण के दौरान अवैध मुरूम उत्खनन पर सख्त कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान शासकीय आराजी खसरा नंबर 32/1, रकबा 9.020 हेक्टेयर के एक हिस्से में ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से मुरूम का अवैध उत्खनन करते हुए पाया गया। मौके पर ही मुरूम से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर उत्खनन स्थल का मापन कराया गया।

जप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगभग 3 घनमीटर मुरूम पाया गया, जिसे भरौली चौकी में सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं शासकीय भूमि से कुल 36.99 घनमीटर मुरूम के अवैध उत्खनन का प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

यह कार्रवाई राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में पेयजल समस्याओं एवं वर्षा से पूर्व जल जनित रोगों से बचाव के संबंध में बैठक संपन्न

उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में ग्रीष्म काल में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं एवं वर्षा से पूर्व जल जनित रोगो से बचाव के संबंध में बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकायो के जिन वार्डो में गीष्मकाल के दौरान पेयजल परिवहन की आवश्यकता हो, उन वार्डो में नगर पालिका के ट्रेक्टर टैंकरो के माध्यम से जल प्रदाय करने के निर्देश जिला परियोजना अधिकारी, शहरी विकास अभिकरण एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिए।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली के 19 ग्रामों , मानपुर जनपद पंचायत के 6 ग्रामों में पेयजल का परिवहन टैंकरो के माध्यम से किया जाएगा । इसी तरह जनपद पंचायत पाली के सीईओ व्दारा अवगत कराया गया कि ग्राम घुनघुटी के गांधीग्राम एवं तुम्मी छोट के कन्या टोला एवं टिकुरी टोला में कुओं मे पानी की पर्याप्त उपलब्धता है किंतु स्त्रोत सूखने पर 15 मई से टैंकर के माध्यम से जल का परिवहन किया जाएगा । कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व , कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय उमरिया तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी समस्त व्दारा प्रदान की गई जानकारी अनुसार ग्रामों में नल जल योजना कि स्थिति का आकलन किए जाने हेतु संयुक्त रूप से भ्रमण कर पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए । उन्होने कहा कि जिन ग्रामों मे पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है उन ग्रामो में तत्काल बंद नलों एवं हैंडपंप को सुधार पश्चात तत्काल पानी सप्लाई कराए जाने एवं पेयजल योजना चालू करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग को दिए। महाप्रबंधक जल निगम को पेयजल व्यवस्था हेतु पाइप लाइन बिछाये जाने की कार्यवाही अति शीघ्र पूर्ण करते हुए पेयजल की आूपर्ति कराए जाने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय को निर्देशित किया कि पेयजल व्यवस्था हेतु बंद पडे हैंडपंपो की जांच कराकर चालू कर उपयुक्त बनाये जाने एवं आवश्यकतानुसार ग्राम बसाहटो मे नवीन नलकूप खनन की संख्या वर्ष के लक्ष्य से बढाए जाने का प्रस्ताव शासन की ओर भेजे जाने के निर्देश दिए । उन्होने वर्षाकाल से पूर्व जल जनित रोगो से बचाव के लिए कहा कि पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइनो मे लीकेज को निरंतर चेक कराया जाकर शुध्द पेयजल की आपूर्ति की जांच कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय के माध्यम से नियमित अंतराल मे कराने के निर्देश दिए। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, सीएमएचओ को निर्देश दिए कि सभी पेयजल जल स्त्रोतो में का क्लोरिनेशन किया जाए एवं क्लोरिनेशन का रोस्टर ग्राम पंचायतो एवं नगरीय वार्डो में लगातार संधारित किया जाए । जल जनित बीमारियो से जन जीवन प्रभावित होने कि स्थिति मे सूचना फील्ड के अमले व्दारा तत्कोल जिले के संबंधित विभागो के अधिकारियों को प्रदान कर बचाव व उपचार के प्रबंधक तत्काल संबधित क्षेत्र मे सुनिश्चित किए जावे।बैठक में बताया गया कि जिले में 292 नल जल योजनाएं संचालित है । जिन्हे सुचारू रूप से संचालित कराए जाने हेतु कलेक्टर ने निर्देश दिए । निजी पेयजल के स्त्रोतो का अधिग्रहण किए जाने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारियों को दिए गए । कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य को ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल समस्या से निपटने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किए जाए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया,संयुक्त कलेक्टर अमित सिंह,एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवग? अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



# नहीं बख्शा गौमाता का चारा, हवा में बना चारागाह

## पंचायत सचिव की तानाशाही की झूठी रिपोर्ट और जनपद सीईओ की रहस्यमयी चुप्पी

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

सरकार गौ-रक्षा और पंचायती राज को मजबूत बनाने के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करने का ढिंढोरा पीटती है, लेकिन मध्य प्रदेश के एक जनपद पंचायत में सिस्टम की सड़ांध खुलकर सामने आ गई है। बेजुबान गौमाता का मुंह का निवाला छीनकर अफसरों ने 4.32 लाख रुपये हड़प लिए, वहीं पंचायत सचिव ने नियम-कानूनों को ताक पर रखकर मनमानी शुरू कर दी। दोनों घोटालों में जनपद पंचायत सीईओ की भूमिका सबसे ज्यादा संदिग्ध नजर आ रही है। एक तरफ फर्जी चारागाह का घोटाला, दूसरी तरफ पंचायत सचिव की तानाशाही दोनों मामलों में सीईओ की चुप्पी और लीपापोती ने जनता को भड़का दिया है।




### पहला घोटालाः हवा में खड़ा चारागाह

4.32 लाख रुपये डकार लिए गए। कार्य का नामः गौशाला चारागाह सिद्धबाबा प्यारी क्र 1 वर्क कोडः 1746002039/स्व/22012034526485 लूटी गई राशिः 4,32,180 रुपये सरकार की योजना थी कि गौशालाओं के आसपास गायों को पर्याप्त चारा मिल सके, ताकि बेजुबान गौमाता को भूखा न रहना पड़े। लेकिन जमीनी हकीकत एकदम उलट है। मौके पर चारागाह का नामोनिशान तक नहीं एक तिनका भी नहीं उगा, घास का एक गुच्छा भी नहीं दिखता। फिर भी अफसरों की मिलीभगत से पूरा काम दिखाकर 4.32 लाख रुपये सरकारी खजाने से निकाल लिए गए। सबसे शर्मनाक बात बिना कोई काम किए कम्पलीशन सर्टिफिकेट (पूर्णता प्रमाण पत्र) भी जारी कर दिया गया। यह सिर्फ पैसों की लूट नहीं, गौमाता के साथ सीधा विश्वासघात है।

### दूसरा घोटालाः पंचायत सचिव की खुली तानाशाही

इसी जनपद पंचायत में पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगे हैं। मध्य प्रदेश ग्राम पंचायत नियम 1994 के तहत अनिवार्य स्थायी समितियों की बैठकें बिल्कुल नहीं हो रही हैं। चुने हुए पंचों के अधिकारों को पूरी तरह दरकिनार कर सचिव ने ग्राम पंचायत को अपनी मनमानी का अड्डा बना लिया है। बिना किसी भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) के सीधे 'पंचायत दर्पण पोर्टल' पर मनमाने बिल पास किए जा रहे हैं। बैक-डेट में जाली हस्ताक्षर और फर्जी प्रस्ताव तैयार करने की भी मजबूत आशंका जताई जा रही है। नियमों की कब्रगाह बन चुकी इस पंचायत में सचिव ने सरकारी खजाने को चूना लगाने का सिलसिला शुरू कर दिया है।

### सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें, लेकिन सिस्टम ने रचा ढोंग

जब जागरूक नागरिकों ने इन दोनों घोटालों की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज कराई, तो सिस्टम का असली चेहरा सामने आ गयाः पहली शिकायत (क्र. 36846721) चारागाह घोटाले की दूसरी शिकायत (क्र. 37380134) पंचायत सचिव की मनमानी की यूजीन टोप्पो को दूसरी शिकायत की जांच सौंपी गई। लेकिन उन्होंने मौके पर जाने की बजाय एसी कमरे में बैठकर ही एक भ्रामक और पूरी तरह झूठी रिपोर्ट तैयार कर दी। रिपोर्ट में लिखा गयाः शिकायतकर्ता ने कोई शिकायत नहीं की है। किसी अन्य व्यक्ति ने गलत नंबर का इस्तेमाल कर शिकायत की और वह नंबर बंद है, इसलिए शिकायत बंद की जाए। हकीकतः शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर भी पूरी तरह सक्रिय और चालू है। ने शिकायतकर्ता से संपर्क करने, बयान लेने या सबूत मांगने की जहमत तक नहीं उठाई।

### जनपद सीईओ की रहस्यमयी चुप्पी सवालों के घेरे में

दोनों मामलों में सबसे बड़ा सवाल जनपद पंचायत सीईओ पर है। पहली शिकायत दर्ज हुए एक महीने से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन ने शिकायतकर्ता से एक बार भी संपर्क नहीं किया, न बयान लिया, न सबूत मांगे। शिकायतकर्ता का सीधा आरोप है कि सीईओ जांच के नाम पर सिर्फ ढोंग रच रहे हैं और दोषी अधिकारियों की लीपापोती में पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। दूसरी शिकायत में की मनगढ़ंत रिपोर्ट को बिना किसी जांच-पड़ताल के ने आंख मूंदकर आगे बढ़ा दिया। क्या उनके पास चंद सेकंड का भी समय नहीं था कि उस 'बंद बताए गए' नंबर पर एक कॉल करके सच्चाई जान लेते? स्थानीय लोगों में चर्चा है कि रवि ग्वाल की यह चुप्पी कोई साधारण प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि पंचायत सचिव नीक राम केवट और यूजीन टोप्पो को बचाने की सोची-समझी साजिश है!




### अमरकंटक में विश्व बंजारा दिवस पर भव्य आयोजन

### एकता और अधिकारों की गूंज के साथ निकली विशाल रैली

अमरकंटक। धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में बुधवार 8 अप्रैल (वैशाख मास कृष्ण पक्ष षष्ठी) के अवसर पर विश्व बंजारा दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। बंजारा समाज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले इस पर्व के तहत इस वर्ष भी विशाल एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में बंजारा नायक समाज के महिला-पुरुषों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन वार्ड क्रमांक 2 नाका स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। इसकी अध्यक्षता ईश्वर सिंह नायक ने की, जबकि मुख्य अतिथि जवाहर सिंह नायक एवं विशिष्ट अतिथि प्रताप सिंह नायक तथा बृजभान सिंह नायक रहे। सभा में जीवन सिंह नायक, चेलाराम नायक, अशोक सिंह नायक, अधिवक्ता सुल्तान सिंह नायक, गंगा नायक, झामा नायक, सेवा नायक, हावेश सिंह (शिक्षक), गुलाब सिंह (शिक्षक), धन्ना सिंह नायक, तरु नायक, बलराम नायक, लक्ष्मी नारायण नायक, मोती नायक, चंद नायक, तीरथ नायक, मंधोर नायक, पवन सिंह नायक, महिपाल सिंह नायक, सरदार नायक (जनपद सदस्य), श्रीमती गोमती बाई, श्रीमती रमणी बाई, रामवती बाई, श्रवणी बाई सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभा में वक्ताओं ने समाज की एकता, संगठन और अधिकारों के लिए संघर्ष पर जोर दिया। बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति के समान आरक्षण प्रदान किए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई, जिसे शासन-प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने बताया कि इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा घोषणा भी की जा चुकी है, किंतु अब तक उस पर अमल नहीं हो सका है। इसके साथ ही अमरकंटक में बंजारा समाज के लिए "रेवा नायक उद्यान" विकसित करने हेतु 10 एकड़ भूमि आवंटित किए जाने की मांग भी रखी गई, जिससे समाज के उत्थान और रोजगार के अवसर बढ़ सकें। कार्यक्रम के अंतर्गत नाका क्षेत्र से नगर के मुख्य मार्ग होते हुए नर्मदा मंदिर तक एक विशाल और भव्य रैली निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों का उत्साह देखने लायक था। अंत में सभी श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनों के लिए भोजन-भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। यह आयोजन बंजारा समाज की एकता, सांस्कृतिक परंपरा और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनकर सामने आया।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केन्द्रों में कूलर एवं पंखे किये गये भेंट

**बड़वारा।** भाजपा मंडल महामंत्री पुष्पेंद्र गोस्वामी (सोनू) द्वारा अपनी मां स्वर्गीय गौरी गोस्वामी की पावन स्मृति में ग्राम पंचायत बिजौरी की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों बिजौरी, कोड़ो, बिजौरा टोला, पंचवटी, भनपुरा एवं पथवारी आंगन वाड़ी केंद्रों में बच्चों और कार्यकर्ताओं की सुविधा हेतु कूलर एवं पंखों का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, जो समाज के प्रति समर्पण और सेवा भाव को दर्शाता है। इस पुण्य कार्य में बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय सोनी, मंडल महामंत्री पुष्पेंद्र पुरी गोस्वामी, भूपेशकांत मिश्रा गणेश पुरी , संदीप पुरी अंकित राजपूत एवं संगठन के समस्त कार्यकर्ता शामिल हुए।

### हत्या के मामले में फरार दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

**कटनी।** हत्या के मामले में सालों से फरार चल रहे आरोपियों को रीठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहे थे। आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार वर्ष 2012 के बहुचर्चित हत्या प्रकरण में ग्राम बूढा लतिलपुर निवासी जुगराज पारधी की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। लाठी और बरछियों से लैस 10 हमलावरों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में 8 आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे, लेकिन मुख्य आरोपी कंडल पारधी (59) घटना के बाद से ही फरार था। वह लगातार अपने ठिकाने और पहचान बदलता रहा। करीब 14 साल तक फरारी काटने वाले इस कातिल को मुखबिर की सटीक सूचना पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरा मामला वर्ष 2021 का है, जहां ग्राम पटेहरा में गवन उर्फ बाबा पारधी की हत्या कर दी गई थी। आरोपी अनिसर पारधी ने बरछी से हमला कर इस वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद से पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। लगातार पतासाजी और दबिश के बाद पुलिस टीम ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

### बड़वारा के हनुमान तालाब की हुई सफाई

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़वारा में जल स्त्रोत का सफाई कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत हनुमान तालाब में जन सहयोग से तालाब, सीढ़ी घाट एवं हैडपंप शोकपिट गड्ढे की सफाई की गई। साथ ही उपस्थित ग्रामीणो को वर्षा जल का महत्व बताते हुये इसके संचय की शपथ दिलाई गई। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच सुनैना बाई, सचिव नरेश यादव, रोजगार सहायक भोलू पटेल, मेट मीरा विश्वकर्मा, स्वच्छाग्रही राजेश चौधरी, ओंकार सिंह सहित ग्राम की महिलाएं भी उपस्थित रही।

# भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया वरिष्ठ नेता डॉ. विजय सिंह ने गिनाईं उपलब्धियां

**धनपुरी।भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. विजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।**



उन्होंने बताया कि भाजपा का गठन देश में एक सशक्त और राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से हुआ था। समय-समय पर पार्टी ने अनेक संघर्षों का सामना किया। विशेष रूप से इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं को जेल में डालकर शारीरिक एवं मानसिक यातनाएं दी गईं, लेकिन लोकतंत्र की रक्षा के लिए नेताओं ने संघर्ष जारी रखा।
आपातकाल के बाद विभिन्न दलों के एकजुट होने से जनता पार्टी की सरकार बनी, लेकिन वह अधिक समय तक नहीं चल सकी। इसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी का पुनर्गठन हुआ। प्रारंभिक दौर में पार्टी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, किंतु धीरे-धीरे संगठन मजबूत होता गया। डॉ. विजय सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने पहली बार केंद्र में सरकार बनाई और सुशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके बाद 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला और देश में विकास की नई दिशा तय हुई।उन्होंने बताया कि वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा जनहित में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें गरीबों को मुफ्त राशन, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, और बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा जैसी योजनाएं शामिल हैं। डॉ. विजय सिंह ने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराना है और इसी दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की मजबूती और देश के विकास के लिए संकल्प लिया तथा स्थापना दिवस को गर्व और उत्साह के साथ मनाया।



### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम हेतु निर्देश जारी

# हेल्पलाइन नंबर और वन स्टॉप सेंटर सक्रिय

### नागरिक चाइल्ड एवं महिला हेल्पलाइन पर दे सकते हैं बाल विवाह की सूचना

**उमरिया।** जिला कार्यक्रम एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 20 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक अभियान संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस अवसर पर बाल विवाह की आशंका को देखते हुए जिला,विकासखंड और ग्राम स्तर तक सतर्कता बढ़ाई जाए तथा प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित किये जाएंगे। उन्होने बताया कि कंट्रोल रूम स्थापित कर निगरानी रखी जाएगी। ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय कर संदिग्ध विवाहों की सूचना तत्काल प्रशासन तक पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस, प्रशासन, शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग के बीच समन्वय बनाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बाल विवाह की रोकथाम के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे बाल विवाह जैसी घटनाओं की जानकारी तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें। इसके लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 07653-292939, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 तथा पुलिस आपातकालीन सेवा 112 को सक्रिय रखा गया है,ताकि किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।इसके अलावा,जिले में संचालित वन स्टॉप सेंटर (सखी केंद्र) को भी पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं,जहां महिलाओं और बालिकाओं को आपात स्थिति में सहायता,परामर्श, आश्रय और कानूनी सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। इन केंद्रों के माध्यम से पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान कर उन्हें सुरक्षा और न्याय दिलाने की व्यवस्था की गई है। विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों का क?ाई से पालन सुनिश्चित करें। किसी भी व्यक्ति द्वारा बाल विवाह कराने या उसमें सहयोग करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध मामले की सूचना तुरंत प्रशासन को देकर बच्चों के सुरक्षित भविष्य में अपनी भागीदारी निभाएं।

### किसानों को प्राकृतिक खेती की दी गई जानकारी



**उमरिया।** एन एफ एन एफ योजना अंतर्गत जैविक प्रमाणीकरण संस्थान टी सी बी टी के क्षेत्रीय अधिकारी सुरेश पाली विकासखंड में किसानों को प्राकृतिक खेती की उपयोगिता, महत्व एवं घटकों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई साथ ही कृषको को नरवाई प्रबंधन , ई विकास प्रणाली , पोर्टल के बारे में बताया गया । प्रशिक्षण में विकास खंड पाली के सलैया 2, गोयरा, बरहाई, तिवनी एवं कुरकुचा क्लस्टर के पंजीकृत एवं गैर पंजीकृत किसान उपस्थित रहे ।इस दौरान बताया गया कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से अधिक उत्पादन लिया जा सकता है । उन्होने उपस्थित किसानों को बताया कि जीवामृत के घटक, बीजमृत के घटक, घनजीवामृत के घटक , ब्रम्हास्त्र, नीमास्त्र, अग्नि अस्त्र, फफूंद नाशक दवा आदि के बारे मे जानकारी दी।

## बाघों की सुरक्षा भगवान भरोसे

# सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को बांधवगढ़ के कोर एरिया में दफन कर रहे जिम्मेदार



### रसूखदार पर्यटकों को बाघ दिखाने के लिए हाथियों से हाइवे जैसा घेराव

**उमरिया।** बाघों के सबसे सुरक्षित गढ़ माने जाने वाले बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में इन दिनों नियम-कायदों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय के कड़े निर्देशों और एनटीसीए की गाइडलाइन को ताक पर रखकर कोर एरिया के भीतर बाघों के शिकार जैसा माहौल बनाया जा रहा है। यहां वन्यजीवों की सुरक्षा से ज्यादा पर्यटकों की संतुष्टि और अवैध सेटिंग को प्राथमिकता दी जा रही है।

### हाथियों से बाघ को खदेड़ने का खेल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पार्क के भीतर गाइड, वाहन चालक और महावतों के बीच एक गहरा गठजोड़ (सांठ-गांठ) पनप चुका है। मोटी बख्शिश के चक्कर में, घनी घास और जंगलों में आराम कर रहे बाघों को हाथियों की मदद से जबरन बाहर निकाला जाता है। बाघों के नैसर्गिक वास स्थल में घुसकर उन्हें घेरना अब यहाँ की रोज की कार्यप्रणाली बन गई है। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि बेजुबान जानवरों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी सीधा हमला है।

### मनपसंद गाइड और सेटअप का बोलबाला

नियमों के मुताबिक, सफारी के दौरान गाइडों का रोटेशन होता है, लेकिन बांधवगढ़ में मनपसंद गाइड और सेटअप का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। रसूखदार पर्यटक अपने हिसाब से गाइड और चालक चुनते हैं, जो पार्क प्रबंधन की नाक के नीचे बाघों की प्राइवेसी (निजता) को भंग करते हैं।

### अधिकारियों की चुप्पी पर उठे सवाल

इस पूरे खेल में प्रबंधन के उच्च अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्या प्रबंधन को इन गतिविधियों की जानकारी नहीं है? या फिर इस भ्रष्टाचार में ऊपर से नीचे तक सबकी मूक सहमति है? अधिकारियों की इस लापरवाही ने बाघों के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है।

### स्थानीय जनों में भारी आक्रोश

जंगल और वन्यजीवों से जुड़ाव रखने वाले स्थानीय नागरिकों ने प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर बाघों के वास स्थल को इसी तरह टूरिज्म स्पॉट के नाम पर बर्बाद किया गया, तो बाघों का पलायन और मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ेगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि लापरवाह अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए और कोर एरिया में मानवीय हस्तक्षेप को सीमित किया जाए।

# दबंगों ने पुश्तैनी जमीन पर किया कब्जा, गेहूं की फसल भी जबरन काटकर ले गये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 157 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये।**



शहर के पहरुआ क्षेत्र में रहने वाले 69 वर्षीय केंद्रीय भंडारण निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी तुलसीदास वर्मा ने कलेक्टर श्री तिवारी से मकान मालिक द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत करते हुये बताया कि वे पिछले 10 वर्षों से अनिल कुमार सुहाने के मकान (गहोई कॉलोनी, पन्ना रोड) में किराये पर रह रहे थे। लेकिन मकान मालिक ने अचानक न केवल घर का विद्युत कनेक्शन काट दिया, बल्कि पानी का जैड पंप भी उखाड़ दिया। साथ ही मकान मालिक ने मुख्य गेट पर अपनी सांकल और ताला लगा दिया, जिससे सारा गृहस्थी का सामान अंदर ही कैद होकर रह गया। तुलसीदास वर्मा ने कहा कि उनके किराये के मकान में उन्हें प्रवेश दिलाया जाए और बिजली-पानी की सुविधा बहाल कराई जाए। जिस पर कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए। दबंगों के विरूद्ध करें कार्यवाही ग्राम चरगवाँ, तहसील स्लीमनाबाद निवासी अनिरुद्ध तिवारी ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी पुश्तैनी और खरीदी हुई भूमि पर करीब 15 लोगों ने बलपूर्वक कब्जा कर लिया है। साथ ही खेत में लगी गेहूं की तैयार फसल को भी जबरन काट लिया है। विरोध करने पर मुझे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने एसडीएम बहोरीबंद को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत पौंसरा निवासी चेतराम पिता सतई यादव ने बताया कि मैं और मेरी पत्नी दोनों वृद्ध है और हम लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहें है। चेतराम ने वृद्धावस्था पेंशन दिलवाने का आग्रह किया। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जनपद पंचायत कटनी के सीईओ को आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए।

### प्रस्ताव अनुमोदित कर निगम सम्मिलन के समक्ष स्वीकृति हेतु किया पेश

# जल कर में चक्रवृद्धि ब्याज को किया समाप्त, अब 15 प्रतिशत साधारण ब्याज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम क्षेत्र के हजारों जलकर उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के नेतृत्व में मेयर इन काउंसिल की बैठक में जलकर पर लगने वाले चक्रवृद्धि ब्याज को समाप्त कर उसकी जगह मात्र 15 प्रतिशत साधारण ब्याज लागू करने का ऐतिहासिक प्रस्ताव अनुमोदित करते हुए निगम सम्मिलन के समक्ष स्वीकृति हेतु पेश कर दिया गया है। विदित हो कि पूर्व में भी वर्ष 2013 में तत्कालीन महापौर और परिषद द्वारा उक्त संबंध में निर्णय लिया गया था, किन्तु सक्षम आदेश जारी न होने के कारण इसका क्रियान्वयन संभव नहीं हो सका। नगर निगम के सभी उपभोक्ताओं को जो सुविधा 2013 में मिलते-मिलते रह गई थी अब वह महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं MIC सदस्यों के प्रयासों से जल्द मिल सकने की उम्मीद जागी है ।

महापौर श्रीमती सूरी की मौजूदगी में आयोजित हुई एमआईसी की बैठक में जलकर व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। लंबे समय से नागरिकों द्वारा चक्रवृद्धि ब्याज के कारण बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर पीड़ा जाहिर की जा रही थी। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मेयर इन काउंसिल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए यह बड़ा निर्णय लेकर प्रस्ताव को अनुमोदित किया है।

यह निर्णय केवल राहत तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यवस्था सुधार की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रस्ताव के तहत प्रमुख रूप से बकाया जलकर पर चक्रवृद्धि ब्याज समाप्त करने, केवल 15% साधारण ब्याज लागू करने, हर वर्ष अप्रैल में 12 माह का अग्रिम जलकर भुगतान करने पर 1 माह की छूट प्रदान करने, 31 अगस्त 2026 तक एकमुश्त भुगतान करने पर बकाया अधिभार में 50% तक की छूट प्रदान करने जैसे जनहितैषी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है।

जनता की पीड़ा लगातार शिकायत प्राप्त होने के बाद महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह जनभावनाओं के अनुरूप है। अन्य नगर निगमों के नियमों का अध्ययन करने के बाद ही यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। परिषद से अंतिम स्वीकृति मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और लंबित वसूली में भी तेजी आएगी।

बैठक में एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ. रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार, जय नारायण निषाद, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा एवं तुलसा गुलाब बेन सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जल प्रदाय समिति के प्रभारी सदस्य ने बताया कि वर्ष 2013 में तत्कालीन परिषद द्वारा लिए गए निर्णय तथा वर्तमान में नागरिकों द्वारा लगातार की जा रही मांगों सहित उनके आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके लागू होते ही उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। यह निर्णय केवल वित्तीय सुधार नहीं, बल्कि नागरिकों के प्रति संवेदनशील प्रशासन का उदाहरण है। इससे न केवल आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि नगर निगम और नागरिकों के बीच विश्वास भी मजबूत होगा।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक आयोजित

# क्लस्टर पार्क विकसित करने पर दिया जोर 19 उद्योगों को मिली अनुदान की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

'म.प्र. एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025' के तहत प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों का विस्तृत परीक्षण कर उनके निराकरण हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान और अग्रणी जिला प्रबंधक मेझरस किण्डो उपस्थित रहे।

### इन इकाइयों को मिली अनुदान की स्वीकृति

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने एमएसएमई योजना अंतर्गत प्रकरणवार विस्तृत समीक्षा की। परीक्षण उपरांत विभिन्न क्षेत्रों जैसे राईस मिल, दाल मिल, वॉल पुट्टी प्लांट, बायोमास पेलेट्स, नमकीन निर्माण, रिफेक्ट्रीज और कार्बन ब्लॉक से संबंधित उद्योगों के प्रकरण प्रस्तुत किए गए।

समिति ने गहन परीक्षण के बाद 19 प्रकरणों को 'उद्योग विकास अनुदान सहायता' हेतु मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही कार्बन ब्लॉक, फ्यूल ऑयल और वायर निर्माण से संबंधित 7 प्रकरणों को लेकर निर्देश दिए कि पहले इन इकाइयों के कार्यस्थल का भौतिक निरीक्षण किया जाए। साथ ही, इन सभी इकाइयों के एक ही स्थान पर होने के कारण वहां 'क्लस्टर पार्क' विकसित करने का सुझाव भी दिया गया, ताकि उद्योगों को बेहतर बुनियादी ढांचा मिल सके।

### निरीक्षण के दिये निर्देश

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने औद्योगिक क्षेत्र बरगंवा स्थित मेसर्स डी.एल.जी. इन कारपोरेशन प्रा. लि., ग्राम पडुआ स्थित मेसर्स सुखसागर फूड प्राइवेट लिमिटेड और ग्राम इमलिया स्थित राधे ट्रेडर्स एवं अन्य दाल मिल इकाइयों के निरीक्षण के आदेश दिए।

### 4 प्रकरणों पर लिया निर्णय

बैठक के दौरान अधोसंरचना विकास के लिए प्राप्त 4 प्रकरणों पर निर्णय लिया गया कि कार्य पूर्ण होने और उत्पादन शुरू होने के बाद, प्रस्तुत बिलों के आधार पर ही अनुदान की स्वीकृति दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### युवा संगठन द्वारा की गई सराहनीय पहल, गायों के गले में बांधा रेडियम बेल्ट

**अनूपपुर।** जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत पपरौडी के खूंटाटोला बाजार चौक में युवा संगठन द्वारा एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल की गई। संगठन के युवाओं ने क्षेत्र में घूमने वाली आवारा गायों के गले में रेडियम बेल्ट बांधी, ताकि रात के समय गुजरने वाले वाहनों को दूर से ही गायों की उपस्थिति का संकेत मिल सके और दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। यह पहल न केवल पशुओं की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि आम लोगों की जान-माल की रक्षा के लिए भी एक सशक्त कदम साबित हो रही है। इस जनहितकारी कार्य में युवा संगठन के अध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य रंजीत सिंह, शिक्षक सूर्य प्रताप सिंह, भगवान दास यादव, महेश कुमार राठौर, गंगा सिंह, शुभम यादव, प्रदीप गुप्ता, आशु गुप्ता, धनराज सिंह, महेंद्र सिंह सहित संगठन के अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने इस प्रयास की जमकर सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणा बनते है।

**प्रशासन के पहुंचने से पहले स्थानीय युवाओं ने बचाईं जानें, समाजसेवियों ने भी निभाई अहम भूमिका**

# कोतमा होटल हादसाः मलबे में दबी सांसों को युवाओं ने दी जिंदगी, संकट में बने 'मसीहा'





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।** शनिवार की शाम कोतमा में अग्रवाल होटल की चार मंजिला इमारत भरभराकर गिर गई, जिससे 8 से अधिक लोग मलबे में दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी और दहशत का माहौल बन गया। लेकिन इसी भयावह स्थिति के बीच कोतमा के कुछ युवा 'मसीहा' बनकर सामने आए और अपनी जान जोखिम में डालकर कई जिंदगियों को बचा लिया। प्रशासन की रेस्क्यू टीम के पहुंचने से पहले ही स्थानीय युवाओं ने मलबे में दबे तीन घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने भी अभियान चलाकर अन्य लोगों को बाहर निकाला।

### युवाओं ने दिखाई बहादुरी, मलबे से निकाले जिंदा लोग

शाम करीब 5:36 बजे जैसे ही होटल की इमारत गिरी, चारों ओर हड़कंप मच गया। इसी बीच अविनाश तिवारी (नाती), भुवनेश्वर शुक्ला (भोलू), हिमांशु अग्रवाल, विनोद प्रजापति, जितेश गुप्ता, ऋषि सोनी, नपा कर्मचारी मनीष गर्ग और पुलिस आरक्षक अभय त्रिपाठी ने बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया। इन युवाओं ने करीब 6:20 बजे मलबे में दबे रामचरण और तुलसी (महिला) को जीवित बाहर निकाला। वहीं विनोद प्रजापति ने साहस दिखाते हुए राम प्रजापति और राकेश गर्ग को भी सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में रेस्क्यू टीम ने रात करीब 9 बजे घायल जयप्रकाश को बाहर निकाला। हादसे के बाद सिर्फ युवा ही नहीं, बल्कि समाजसेवी भी मदद के लिए आगे आए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक पुरुषोत्तम बरसैया ने पूरी रात मौके पर रहकर रेस्क्यू टीम, अधिकारियों, पत्रकारों और अन्य लोगों के लिए चाय-पानी और नाश्ते की व्यवस्था की।

### जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी

नगरपालिका अध्यक्ष अजय सराफ ने मौके पर पहुंचकर पानी और नाश्ते की व्यवस्था करवाई और देर रात तक रेस्क्यू कार्य में जुटे रहे। वहीं मंत्री दिलीप जायसवाल और दिलीप अहिरवार ने भी घटनास्थल पर रहकर रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी की।

# टेट परीक्षा के विरोध में हुआ धरना प्रदर्शन



### भारी संख्या में शिक्षक उत्तरे सड़क पर

**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के आह्वान पर जिला अनूपपुर में संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए निर्णय अनुसार शिक्षकों को टेट परीक्षा देने के लिए म.प्र. सरकार ने आगामी जुलाई-अगस्त 2026 में परीक्षा लेने का आदेश जारी किया है, इसके विरोध में 8 अप्रैल को अनूपपुर जिला अंतर्गत सभी विकासखंड से हजारों की संख्या में शिक्षक उपस्थित होकर सामतपुर तालाब के प्रांगण में दोपहर 12:00 बजे से धरना प्रदर्शन किया जिसमें मध्य प्रदेश सरकार से सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर पुनर्याचिका के लगाने की मांग दोहराई, शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन में नवीन संवर्ग के शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग उठाई, जिसमे ग्रेज्यूटी, पेंसन, अवकाश, नगदीकरण, पदोन्नति-क्रमोन्नती आदि का लाभ मिल सके। धरना प्रदर्शन को अद्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के सदस्य गण सम्बोधित किये जिसमें जेजे तिवारी, रावेन्द्र सिंह, धर्मराज शुक्ला, दीपक तिवारी, संतोष सुरेश्वर, संजय सिंह, नंदनी पटेल, चंदा सिंह, किरण पाण्डेय, सीपी तिवारी, अमित प्रताप सिंह, विशवास राज शुक्ला, लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी, रामानुज पाण्डेय, संजय निगम, श्रीनिवास तिवारी, अनिल कुमार सिंह और संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा ने सम्बोधित किये। कार्यक्रम का सफल संचालन रामकुमार राठौर ने किया। इस कार्यक्रम मे लगभग 4000 शिक्षक उपस्थित रहे जो धरना स्थल से रैली व जुलूस के माध्यम से कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम अपर कलेक्टर डीके पाण्डेय को ज्ञापन दिया गया। आज की ऐतिहासिक भीड़ से अनूपपुर की सड़के भर गई थी. धरना प्रदर्शन और जुलूस बहुत ही शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ, पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा।

# पड़ोसी द्वारा युवती से दुष्कर्म, आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में एक गंभीर आपराधिक मामले में न्यायालय ने कड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी है। सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल की अदालत ने थाना भालूमाडा क्षेत्र के आरोपी रोहित यादव को दोषी करार दिया। अदालत ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 64 के तहत 10 वर्ष का कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 332 के तहत 3 वर्ष का कारावास और 3 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। आरोपी वर्तमान में जिला जेल अनूपपुर में न्यायिक अभिरक्षा में बंद है। लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा के अनुसार घटना 20 नवंबर 2024 की है। आरोपी रोहित यादव ने पड़ोस में रहने




वाली युवती के घर में घुसकर उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया। उस समय पीड़िता घर पर अकेली थी। आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर पहले उसका मुंह दबाया और फिर बेडरूम में ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। घटना के बाद पीड़िता ने अगले दिन अपने परिवार को इसकी जानकारी दी और 21 नवंबर 2024 को थाना भालूमाडा में शिकायत दर्ज कराई। मामले में अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम की धाराएं भी जोड़ी गईं, क्योंकि पीड़िता अनुसूचित वर्ग से संबंधित है। पुलिस जांच के दौरान पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। एफएसएल सागर से प्राप्त डीएनए रिपोर्ट में आरोपी की पुष्टि हुई, जिससे यह साबित हुआ कि आरोपी ने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत की। मामले की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया और सख्त सजा सुनाई।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

**कोतमा।** नगर सहित कोयलांचल क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था एवं चिकित्सकिय सुविधा का अभाव होने के कारण क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए दूसरे शहर जाना पड़ता है जिसके कारण उन्हें परेशानी के साथ ही आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है जिसको देखते हुए बिलासपुर के श्रीराम केयर अस्पताल के द्वारा निशुल्क शिविर का आयोजन 10 अप्रैल को क्षेत्रीय चिकित्सालय कोतमा कालरी में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर सुबह 10:30 से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित किया गया है जिसमें डाक्टर प्रतीक छाबड़ा पेट एवं लीवर संबंधी, डाक्टर शौमिक चंद्रा मूत्र रोग, डाक्टर अभिषेक शर्मा दांत से संबंधित जांच मे परामर्श देंगे। शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की गई है।

# राजनगर में सामुदायिक विकास की मिसाल



### एक्सप्लोरेशन कैंप ने मंदिर व उद्यान का किया कायाकल्प

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र में स्थानीय बुनियादी ढांचे के विकास और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिलासपुर के अंतर्गत संचालित एक्सप्लोरेशन कैंप (अन्वेषण शिविर) राजनगर द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 की गतिविधियों के तहत आयोजित इस अभियान में क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन किया गया। अभियान के अंतर्गत कार्य मुख्य रूप से दो स्थानों स्थानीय शिव मंदिर एवं बाजार दफाई स्थित सामुदायिक उद्यान पर केंद्रित रहा। इस अभियान के पहले चरण में गेस्ट हाउस के सामने शिव मंदिर का व्यापक जीर्णोद्धार किया गया। मंदिर परिसर के अंदर और बाहर रंग-रोगन कर उसे नया रूप दिया गया। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ एवं पवित्र वातावरण सुनिश्चित करने हेतु परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। दूसरे चरण में बाजार दफाई स्थित उद्यान को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया। यहां दो नई 10 फीट लंबी बेंचें स्थापित की गईं। जिससे बुजुर्गों एवं अभिभावकों को बैठने की सुविधा मिलेगी। बच्चों के मनोरंजन के लिए दो नए झूले लगाए गए। इसके अतिरिक्त, उद्यान की हरियाली बढ़ाने हेतु फलदार एवं फूलदार पौधों का वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद ने भी उपस्थित रहकर कार्यों का निरीक्षण किया और एक्सप्लोरेशन कैंप की टीम के प्रयासों की सराहना की कार्यक्रम के दौरान सीएमपीडीआई शिविर प्रहरी सुधांकर माझी, दिग्विजय बहरा, अन्तत चरण साहू, बलराम मंडल, सत्यम द्विवेदी, राकेश रॉय, नारायण बहरा, सन दुर्गेश एवं राम प्रताप सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम बताया है।

### विभिन्न स्थानों पर 10 एवं 11 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरुद्ध

अनूपपुर। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के कार्यपालन अभियंता ने बताया है कि संचा संधा. उपसंभाग कोतमा अंतर्गत कोतमा व बिजुरी वितरण केन्द्र अंतर्गत आने वाली 33 व 11 केव्ही लाईनों का अति आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। उक्त कार्य के प्रभावी रूप से सम्पादन हेतु विभिन्न फीडरों में विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्यपालन अभियंता ने बताया है कि 10 अप्रैल को 33 11 के.व्ही. राजनगर फीडर अंतर्गत आने वाले रेलवे, एसईसीएल के सभी एच.टी. उपभोक्ता व राजनगर एस.ई.सी.एल. आवासीय कालोनी क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक तथा 11 अप्रैल को वितरण केन्द्र कोतमा एवं बिजुरी अंतर्गत आने वाले समस्त 33/11 सब स्टेशनों के 11 केव्ही लाईनों की विद्युत सप्लाई व उनसे जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं के यहां प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी।

# बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने बदल दिया मौसम का मिजाज



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों समेत आसपास बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने मौसम का पूरा मिजाज बदल दिया है। बुधवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे पहले मंगलवार दोपहर तेज आंधी के बाद हुई बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तापमान में गिरावट के चलते मौसम ठंडा हो गया है और अगले तीन दिन तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार मध्यम क्षोभमंडल में पाकिस्तान और पंजाब के पास सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि आने वाले दिनों में बारिश जारी रहने से तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21.9 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि बुधवार को इसमें करीब तीन डिग्री तक गिरावट दर्ज किया गया। तेज हवाओं और बारिश से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन इसके साथ ही कई तरह की परेशानियां भी सामने आई हैं। शाम तक रुक-रुक कर बारिश होती रही और रात में भी बादलों का डेरा बना रहा। मौसम में आई ठंडक से लोगों को राहत मिली, लेकिन लगातार बदलते मौसम ने जनजीवन को प्रभावित किया है। बारिश और ठंडी हवाओं के कारण शहर में लोगों की आवाजाही कम हो गई। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग छाता लेकर निकलते दिखे। वहीं स्कूली बच्चे भी रिमझिम बारिश के बीच भीगते हुए स्कूल पहुंचे। बाजारों में भी सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ देखने को मिली। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक इसी तरह बारिश और बादलों का सिलसिला जारी रहने का अनुमान जताया है। विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने और किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम करने की सलाह दी गई है।

**जल गंगा संवर्धन अभियान, जीवन के लिए जल संरक्षण**

# जन-भागीदारी से जल संवर्धन, तालाब हमारा, स्वच्छता हमारी-अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** पृथ्वी पर जल सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है। इसीलिए जीवन के लिए जल संरक्षण अपरिहार्य है। यह अनमोल संसाधन संरक्षित रहे इसके लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। 19 मार्च (गुड़ी पड़वा) से 30 जून तक चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार का कार्य प्रदेश भर में किया जा रहा है। अभियान के सफल परिणाम भी हम सभी को प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिल रहे हैं। बनगवां (राजनगर) नगर परिषद के वार्ड 11 में स्थित तालाब की गई सफाई। इस अभियान में शामिल नगर परिषद अध्यक्ष ने कहां कि यदि हम तालाब का उपयोग करते हैं। तो उसका सफाई भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इससे गंदगी तो साफ होगा हि साथ ही साथ उपयोग लायक जल के साथ साथ बीमारियों से भी निजात मिलेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कूपों, कुओं, और तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर होगी। जल स्त्रोतों के निकट प्रदूषण न हो इसके लिए अभियान के तहत सामुदायिक प्रयास किए जा



रहे हैं। जन प्रतिनिधियों से लेकर नागरिक जन तक श्रमदान कर रहे हैं, और जल को प्रदूषित होने से बचा रहे हैं। इससे न केवल पेयजल की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि जल प्रदूषण के कारण होने वाली जल जनित बीमारियों से भी राहत मिलेगी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत समस्त नगर में पौधारोपण, ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं, तालाब, कुंओं, बावड़ियों आदि के संरक्षण एवं पुनर्जीवन का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान में आमजन की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। समाज के सभी वर्गों के लोग इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं और श्रमदान कर जल स्त्रोतों की सफाई में योगदान दे रहे हैं। इसी क्रम में नगर परिषद बनगवां (राजनगर) वार्ड नंबर 11 में स्थित शिव मंदिर के पास तालाब में श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। इस तालाब में कूडा-करकट एवं गंदगी हो जाने से इसका पानी उपयोग नहीं किया जा रहा था। जनसहयोग से श्रमदान कर इस तालाब की सफाई की गई। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ साथ नगर परिषद के अध्यक्ष, सीएमओ और कर्मचारियों ने श्रमदान किया। नगर परिषद बनगवां (राजनगर ) के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में तालाब घाट पर श्रमदान कर तालाब की साफ सफाई की गई। इस दौरान सभी के सहयोग से तालाब में जमा प्लास्टिक, पॉलीथीन और कूड़ा करकट, कटीली झाड़ियों को काटकर साफ-सफाई की गई। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बनगवां में परिषद कर्मचारियों द्वारा तालाब के घाटों में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाकर नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जा रहा। इस अभियान में नगर परिषद बनगवां अध्यक्ष यशवंत सिंह, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सीएमओ लखन लाल पनिका, वार्ड 12 के पार्षद समयलाल पटेल, वार्ड 6 के पार्षद पति बृजेश कुशवाहा, लेखापाल राजेश मिश्रा सहित परिषद के कर्मचारियों के साथ नगर के जन उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र.**
E-mail-cmojaithari@mpurban.gov.in

क्र./76 /न.परि./ई.टेन्ड./लोक.नि./2026 **ई- निविदा आमंत्रण सूचना** जैतहरी दिनांक 07/04/26

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्र. | ऑन लाईन टेंण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | समया वधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_498087_1 | Cons. of community toilet at ward 06 | 13,82,404/- | 10,368/- | 2000/- | 03 माह |
| 2 | 2026_UAD_498050_1 | Cons. of community toilet at ward 03 | 13,80,974/- | 8169/- | 2000/- | 03 माह |
| 3 | 2026_UAD_498134_1 | Cons. of community toilet at ward 12/13 | 13,81,227/- | 10,369/- | 2000/- | 03 माह |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन कय करनें का दिनांक 07/04/2026 समय शाम 15:00 बजे से 09/05/2026 समय शाम 17:30 तक क्रय की जा सकती है। तथा सरल कमांक 03 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने का दिनांक 07/04/2026 समय शाम 16:00 बजे से 09/05/2026 समय शाम 17:30 तक क्रय की जा सकती है। 2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करनें के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है। 3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है। 4. निविदा में किसी भी प्रकार के संषोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाषन नही किया जावेगा निविदा के संषोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकरी**
**नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र.**